सप्तदश

बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{02 चैत्र, 1943 (श०)}}{\text{23 मार्च, 2021 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या **02**

(1)	परिवहन विभाग	.. ..	01
(2)	विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग	.. ..	01
		कुल योग --	02

बसों का परिचालन कराना

71. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के पटना तथा मुजफ्फरपुर शहर में आवागमन हेतु परिवहन विभाग द्वारा सरकारी सिटी बसों का परिचालन किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी 38 जिला मुख्यालयों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन हेतु परिवहन विभाग द्वारा सिटी बसों की तर्ज पर बस का परिचालन नहीं किये जाने के कारण आवागमन में निजी बसों या टेंपो से यात्रा करने पर अधिक किराया खर्च करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिटी बसों के तर्ज पर राज्य के सभी जिला मुख्यालय से ग्रामीण क्षेत्रों के लिये बसों का परिचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--निगम के द्वारा मात्र पटना के शहरी क्षेत्रों में नगर बस सेवा का परिचालन किया जा रहा है ।

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के बस बेड़े में बसों की कमी के कारण जिला मुख्यालयों से ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का परिचालन कराने का प्रस्ताव निगम के विचाराधीन नहीं है ।

मेधा सूची प्रकाशित करना

72. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ0जा0))--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विज्ञापन संख्या 01, दिनांक 2 मार्च, 2019 के आलोक में 15 अक्टूबर, 2020 को इलेक्ट्रिकल विभाग, 6 नवम्बर, 2020 को मैकेनिकल विभाग एवं 11 जनवरी, 2021 को सिविल विभाग के कुल 6,379 रिक्त पदों के विरुद्ध कनीय अभियंताओं की नियुक्ति हेतु काउंसिलिंग हुई थी, परन्तु अभीतक मेधा सूची प्रकाशित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मेधा सूची प्रकाशित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 23 मार्च, 2021 (ई0) ।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0, 138(एल0ए0), 2020-21-डी0टी0पी0-550